हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

मखाना की खेती किसानों के लिए रोजगार... 18



गांवों में रोजगार और आजीविका को मिलेगी ... 18



# बदलता मौसम बना रहा बीमार, जिला अस्पताल में ओपीडी 500 पार

## मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या में और होगा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर अब लोगों की सेहत पर भी साफ दिखने लगा है। सर्दी, खांसी, वायरल फीवर, उल्टी-दस्त और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का मानना है कि मानसून की सक्रियता बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है।

इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मानसून पूर्व एडवाइजरी जारी कर नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की थी। विभाग के अनुसार बारिश के मौसम में दूषित पानी, गंदगी और अस्वच्छ वातावरण के कारण उल्टी-दस्त, मलेरिया, पीलिया समेत कई संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। समय पर उपचार न मिलने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है, इसलिए शुरूआती लक्षण दिखाई देते ही तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी गई है। चिकित्सकों के अनुसार दस्त व सामान्य बीमारी लग सकती है, लेकिन समय पर इलाज न मिलने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। बार-बार पतला दस्त होने से शरीर में पानी और आवश्यक लवणों की कमी हो जाती है। यदि दो-तीन दिन तक दस्त बंद न हों, कमजोरी महसूस हो या मरीज की हालत बिगड़ने लगे तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। नागरिक 104 आरोग्य सेवा केंद्र पर फोन कर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है।

### खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक वायरस और बैक्टीरिया जनित संक्रमण, दूषित भोजन एवं पानी का सेवन, खुले में रखे खाद्य पदार्थों का उपयोग और साफ-सफाई की कमी दस्त के प्रमुख कारण हैं। लोगों को बासी एवं सड़े-गले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी गई है।



### बचाव ही सबसे बेहतर उपाय

स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि बारिश के मौसम में केवल उबला हुआ या क्लोरीन की गोली डालकर शुद्ध किया गया पानी ही पीएं। दस्त होने पर शरीर में पानी और लवणों की कमी को पूरा करने के लिए ओआरएस घोल का नियमित सेवन करें। इसके साथ ही नारियल पानी, नमकीन लस्सी, नींबू शिकंजी, चावल का मांड, दाल का पानी और हल्की चाय जैसे तरल पदार्थ भी लाभदायक हैं।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद**। ग्राम तोरला पड़ाव पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पटेवा पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक की उम्र 40-45 साल होना बताया।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद**। ग्राम उमरदा में एक महिला के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिसाहिन यादव उमरदा ने बताया कि 01 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे उसके घर के बाहर दरवाजे में शिवचरण यादव, सियाराम यादव ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। मैं ताला तोड़कर घर के अंदर अपने परिवार के साथ गई थी। ताला तोड़ने की जानकारी होने पर शिवचरण यादव, सियाराम यादव एवं अन्य लोगों ने उसके घर अंदर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद**। नगर के ईसाईपारा में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सोशन तांडी ने बताया कि 29 जून को मैं अपने बहू के साथ घर में थी, तभी पड़ोसी उषा शर्मा ने बताया कि उसके बेटे के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। जब घर से बाहर निकल कर देखा तो उसके बेटे राजेश तांडी, सुलेमान कुमार के साथ एलिजा कुमार, धर्मेंद्र अग्रवाल, बिलसन बंगोलिया निवासी आरंग एवं अन्य लोग मारपीट कर रहे थे। मारपीट से उसके बेटे को चोटें आई। जब उसने और उसकी बहू ने बीच बचाव किया तब उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।


## लापरवाही: कोमाखान थाना पुलिस आरोपी को ला रही थी गुजरात से

# ट्रांजिट रिमांड पर लाया जा रहा गिरफ्तार आरोपी हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के कोमाखान थाना पुलिस की अभिरक्षा से एनडीपीएस एक्ट के एक मामले का आरोपी मध्यप्रदेश में फरार हो गया। आरोपी को गुजरात से ट्रांजिट रिमांड पर महासमुंद लाया जा रहा था। घटना के बाद कोमाखान पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 262 के तहत नया अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, थाना कोमाखान के अपराध क्रमांक 08/2026 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(II)(सी) एवं 29 के तहत वांछित आरोपी शेख मोबीन (45 वर्ष), निवासी ताज नगर, सैय्यद जमालपुरा, नांदुरा, जिला बुलढाना (महाराष्ट्र) की तलाश में पुलिस टीम 23 जून 2026 को महाराष्ट्र रवाना हुई थी। पुलिस ने आरोपी को 28 जून 2026 की शाम 7:40 बजे थाना डुमस, जिला सूरत (गुजरात) क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इसके बाद 29 जून को स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट, सूरत में पेश कर दो दिन का ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया।



### कोमाखान में भी दर्ज हुई नई एफआईआर

इसके बाद पुलिस टीम 1 जुलाई 2026 को वापस कोमाखान पहुंची। चूंकि घटना मध्यप्रदेश के थाना कमलापुर क्षेत्र की है, इसलिए आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के मामले में अपराध क्रमांक 00/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 262 के तहत प्रकरण कायम किया गया है। मामले की सूचना न्यायालय को भी भेजी गई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### प्रभात फेरी की भीड़ का उठाया फायदा

पुलिस टीम आरोपी को लेकर महासमुंद लौट रही थी। इसी दौरान 30 जून 2026 की सुबह लगभग 6 बजे मध्यप्रदेश के ग्राम मातमौर, जैन मंदिर गेट, थाना कमलापुर, जिला देवास के पास चाय पीने के लिए वाहन रोका गया। उसी समय वहां प्रभात फेरी और कीर्तन मंडली की भीड़ निकल रही थी। भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पुलिस टीम ने स्थानीय थाना कमलापुर के स्टाफ के साथ आरोपी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद थाना कमलापुर में लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया गया। पुलिस का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद वहां अपराध दर्ज नहीं किया गया और आवेदन की पावती भी नहीं दी गई।

# पूर्व सरपंच भामिनी ग्रामीणों के साथ पहुंची कलेक्टरेट



जनपद उपाध्यक्ष तथा सरपंच द्वारा किए गए अवैध कब्जा पर समान कार्रवाई करने दिया कलेक्टर को आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर अपनी जमीन संबंधी मामले में ग्रामीणों तथा पूर्व पंचों तथा अपने कार्यकाल के समय के तत्कालीन सरपंचों को लेकर कलेक्टर से निवेदन किया कि जिला स्तरीय राजस्व टीम द्वारा मौका जाँच करने तथा पंचनामा रिपोर्ट पढ़ने के बावजूद सरपंच प्रीति ढीमर तथा जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर द्वारा सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक स्टंट करने तथा मीडिया में फोटो शेयर करने के बहाने जनदर्शन में लोगों को आवास दिलाने के नाम पर बहला फुसलाकार लाया गया था।

भामिनी ने कहा कि राजनीतिक स्टंट करने के चक्कर में हुलसी चंद्राकर यह भूल गईं है कि उसी शासकीय जमीन 1661 से लगकर शासकीय भूमि 1659 और 1660 भी है, जिस पर वह स्वयं का अवैध कब्जा है। इसी प्रकार सरपंच पति द्वारा अपनी स्टोन फैक्ट्री के पास खसरा नंबर 556, 331 तथा 281 में कब्जा किया गया है तथा बाद में शासकीय भूमि 331 को जमीन दलाल संतु साहू द्वारा एक चिकित्सक को बेच दिया गया है।

पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन में कहा है कि एक बार फिर से सभी के समक्ष खसरा नंबर 1661 को उनके मूल नंबर 398 के नक्शा अनुसार पुराना अभिलेख के आधार पर नापजोख करके त्रुटि सुधार करते हुए उनके अन्य टुकड़े शासकीय भूमि 1651 तथा 2466 के पास स्थापित किया जाए, जिसके सम्बन्ध में वह पहले से ही कलेक्टर न्यायालय तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में आवेदन दे चुकी है तथा साथ में उसी से लगे हुए शासकीय भूमि 1659 तथा 1660 रकबा लगभग डेढ़ एकड़ में कब्जा की हुई जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर की जमीन की भी समानांतर नापजोख करते हुए सरपंच द्वारा कब्जा किए हुए शासकीय भूमि 556, 281 तथा 331 को भी कब्जामुक्त कराया जाए।

# एक घंटे की बारिश में शहर हुआ जलमग्न नपा उपाध्यक्ष ने उठाए सफाई पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- वार्डों में 2 फीट तक भरा पानी, जेसीबी बुलाकर निकलवाया नालियों का मलवा

शहर में एक घंटे की बारिश ने चारों तरफ बाढ़ की स्थिति निर्मित कर दी। लगभग अधिकांश वार्डों में नाली से पानी 1.5 से 2 फीट ऊपर सड़क पर बहने लग गया। ऐसी स्थिति पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी तत्काल बारिश के दौरान प्रभावितों के बीच पहुंचे और लोगों के घरों में घुस रहे पानी के लिए नगर पालिका से जेसीबी मशीन बुलाई तथा नालियों से पानी बहाव का रास्ता बनवाया।

वार्ड नंबर 14 में स्थित बड़ी नाली की सफाई जमीन तल से कराने की आवश्यकता है। हल्की बारिश में भी आसपास लोगों के घरों में पानी 2 फीट तक भर जाता है। पहले भी शिकायत की जा चुकी है। बड़ी नाली की हाइट बढ़ाने के लिए भी साल भर से आवेदन किया जा चुका है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई आज तक नहीं हुई। मुख्य नाली को मैनपावर से ठेके पर साफ कराना अति आवश्यक हो गया है।



# जिले में स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों की हुई सघन जांच, कार्रवाई

**महासमुंद**। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला एवं यातायात पुलिस महासमुंद द्वारा संयुक्त रूप से केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान कई विद्यार्थी निजी एलएमवी (लाइट मोटर व्हीकल) वाहनों से स्कूल आते-जाते पाए गए। ऐसे वाहन स्वामियों एवं चालकों को नियमानुसार वाहन को टैक्सी श्रेणी में परिवर्तित कर संचालन करने तथा मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के लिए समझाइश दी गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कोई भी विद्यार्थी दोपहिया वाहन से विद्यालय आते या जाते नहीं मिला। इसके अलावा जिला परिवहन अधिकारी शुक्ला द्वारा बागबाहरा रोड पर संचालित निजी यात्री बसों की भी जांच की गई। जांच के दौरान बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र, परमिट, निर्धारित वर्दी तथा प्रदूषण प्रमाण-पत्र के संचालन करते पाए गए 05 वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 14 हजार 900 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने वाहन स्वामियों एवं चालकों से सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखने तथा यातायात एवं परिवहन संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में इस प्रकार की जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



# एक्सीडेंट में बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद**। एक्सीडेंट में हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने जांच कर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि थाना सिटी कोतवाली के मर्ग क्रमांक 97/26 धारा 194 बीएनएसएस मृतक परदेशी राम कंवर पिता स्व आनंदराम कंवर (80 साल) निवासी ग्राम परसदा, खट्टी थाना व जिला महासमुंद का मर्ग जांच किया गया।

चश्मदीद गवाह गुलाब राम कंवर एवं परिजनों ने बताया कि 29.06.26 को मृतक परदेशी राम कंवर अपने दामाद गुलाब राम कंवर के साथ मोपेड टीवीएस एक्सएल सुपर में दशगात्र कार्यक्रम में ग्राम कांपा खट्टीडीह में शामिल कर होकर वापस अपने घर ग्राम परसदा खट्टी जा रहे थे कि लगभग शाम 06.30 बजे बोरियाझर मोड़ के पास रूककर मृतक लघुशंका करने के लिये रोड क्रास कर रहा था, उसी समय बोरियाझर की ओर से आ रही मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचजी 2951 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लाकर परदेशीराम को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर में गंभीर चोट लगी, उसे जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया, जहां डाक्टर द्वारा जांच करने पर मृत्यु होना बताया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# धान खरीदी केंद्रों में सामूहिक लूट का अरोप, सत्ता पर निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शासन प्रशासन का मौन रहना उनकी स्वीकृत, प्राधिकृत अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग

धान खरीदी केंद्रों में हुए सामूहिक भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि सबसे पहले 29 मई को जिला प्रशासन को सम्हर समिति में में हुए घोटाले की जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। जिसमें 2430 क्विंटल धान की गड़बड़ी हुई थी। जिस पर लीपापोती करने की तैयारी चल रही है।

अंकित बागबाहरा ने स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बाघामुड़ा पंजीयन क्रमांक 1064 का भ्रष्टाचार उजागर करते हुए बताया बाघामुड़ा के भाजपा के प्राधिकृत अध्यक्ष हुमन लाल सेन ने मनमानी करते हुए भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए प्रेम सिंग ध्रुव को 12/11/25 को प्रबंधक के पद में बैठा कर भ्रष्ट्राचार की शुरुआत की, जिस पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता ने 17/11/25 को लिखा कि 10 लाख 70 हजार के गबन के आरोपी को प्रबंधक के पद पर ना बैठाया जाए। उसके बाद भी हुमन लाल सेन ने नही सुनी। भ्रष्टाचार का उजागर करते हुए जब अतिरिक्त कलेक्टर ने जनवरी 2026 को समिति में छापा मारा, तब फिज़किल वेरीफिकेशन में 3200 कट्टा धान स्टेक में कम पाया गया, इस पर पटवारी को नोडल बना के भेजा गया, जिसने बताया कि धान खरीदी ज्यादा होना दिखाया जा रहा है। जबकि, 6 गठान नया बारदाना वहां अतिरिक्त होना पाया गया। अर्थात 1200 क्विंटल धान खरीदा ही नही गया था। जिसके पश्चात प्रेमलाल के ऊपर एफआईआर हुई पर वो आज दिनांक तक बेखौफ घूम रहा है। दूसरा घोटाला हेमाली में प्रासंगिक व्यय 13 रुपए दिया (पेज 5) जाएगा, तय किया गया। इसके विपरीत जब भुगतान होना बताया गया तो 17 रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया (पेज 6) । तीसरा 21 मार्च 2026 को ट्रक आई नही और फर्जी फ़ोटो लगाकर 25 मिनेट में 700 कट्टा धान लोड हो भेजना बता दिया गया और उस समय सीसीटीवी बंद कर दी गयी (पेज 7/8/9/10/11)। और अन्य ट्रक क्रमांक 4530को उतना ही कट्टा लोड होने में 2 घंटे से ज्यादा लगे। चौथा घोटाला खाद में भी किया गया, जितनी खाद आई,और जितनी बांटी गई हसके भी फिसिकल वेरीफिकेशन में यूरिया 575 कट्टा, डीएपी 132 बोरा, पोटास 66 बोरा और एनपीके 76 बोरा कम पाया गया, जिस पर भी नोटिस जारी कर इतिश्री कर ली गयी (पेज 12), आखिरी में प्राप्त जानकारी के अनुसार 3200 कट्टे की गड़बड़ी को 1200 क्विंटल को शॉर्टेज बता उसे भी लीपा पोती करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। और उसकी भरपाई समिति को मिलने वाले कमीशन से की जा रही है जिसके कारण वहां कार्यरत स्थाई कर्मचारियों को तनख्वा मिलने में तक मुश्किल होगी। जिससे शासन को तो लगभग 38 लाख का नुकसान हुआ और भ्रष्टाचारियों को मिनिमम इतने का लाभ हुआ।



अंकित ने मांग की है कि फिर से धान खरीदी शुरू होने का समय आ रहा है उससे पहले जितनी भी समिति में धान को शॉर्टेज दिखाने का खेल हुआ है उसपर तत्काल कार्यवाही करें और प्राधिकृत अध्यक्ष या अधिकारी को भी संयुक्त अभियुक्त बनाया जाए और तत्काल एफआईआर हो।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### सुयश हॉस्पिटल के 70 डॉक्टरों का किया सम्मान

**रायपुर।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब रायपुर सीनियर द्वारा बुधवार को सुयश हॉस्पिटल के 70 डॉक्टरों का फूल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुयश हॉस्पिटल के डायरेक्टर डर विवेक केशरवानी ने कहा कि, डॉक्टर का व्यवहार ही मरीज के लिए सबसे बड़ा इलाज है, हम सभी पीड़ति मानवता के लिए कटिबद्ध हैं। डॉ नितिन गोयल एवं डॉ मनोज लाहोटी ने भी इस बात पर जोर दिया। कार्यक्रम में सीनियर के संथापक लायन डॉ निरंजन हरितवाल, अध्यक्ष लायन दीपक सिन्हा, ज़ोन चेयरमैन लायन दिवाकर अवस्थी, सचिव प्यारेलाल अग्रवाल अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष गजानंद अग्रवाल, लायन प्रेमनारायण गुप्ता, लायन प्रेम सिंह सलूजा, लायन हामिद रजा, लायन महेंद्र मित्तल आदि उपस्थित थे।

### जोन 4 के 10 कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 के 10 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने सम्मानित किया। इनमें नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य विभाग के 9 कर्मचारी और राजस्व विभाग के एक कर्मचारी शामिल हैं। मोतीबाग परिसर स्थित जोन कार्यालय में हुए सम्मान कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे।

### वैचारिक लड़ाई जीतना सबसे बड़ी चुनौती : इंद्रेश



**रायपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच (रायपुर चैप्टर) द्वारा "माओवाद मुक्त छत्तीसगढ़ एवं वैचारिक घुसपैठ" विषय पर एक महत्वपूर्ण बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के मुख्य संरक्षक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि, स्वतंत्रता के बाद भारत ने अलगाववाद, आतंकवाद और उग्रवाद जैसी अनेक चुनौतियों का सामना किया है। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर, पंजाब और मध्य भारत तक राष्ट्रविरोधी शक्तियों ने समय-समय पर देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने का प्रयास किया। माओवाद ने विशेष रूप से आदिवासी अंचलों में हिंसा के साथ-साथ वैचारिक भ्रम और धर्मांतरण के माध्यम से अपनी जड़ें मजबूत करने का प्रयास किया। राज्य सरकारों की प्रभावी नीतियों, सुरक्षा बलों के अद्वितीय साहस तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग और संकल्प के परिणामस्वरूप आज छत्तीसगढ़ से माओवाद समाप्त हुआ।

### विधायक ने नवीन सोनोग्राफी मशीन का किया लोकार्पण



**रायपुर।** क्षेत्रवासियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा में आयोजित 'जीवनदीप समिति' की विशेष बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात देते हुए नवीन सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण किया। नई सोनोग्राफी मशीन की सुविधा मिलने से अब स्थानीय मरीजों को जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# जोरातराई के स्व-सहायता समूह की 19 महिला हितग्राहियों को पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिवासी विकास विभाग की विशेष केंद्रीय सहायता उपयोजना के अंतर्गत विकासखंड बागबाहरा के माडा ग्राम जोरातराई में स्व-सहायता समूह की 19 महिला हितग्राहियों को डेयरी इकाई स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में 01 जुलाई 2026 को महिला हितग्राहियों के लिए पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।




प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने डेयरी प्रबंधन, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य संरक्षण, पशु प्रजनन, चारा विकास एवं चारा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं को पशुओं के उचित आवास, रख-रखाव, स्वच्छता एवं देखभाल के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया गया। साथ ही संतुलित आहार, हरे चारे के उपयोग तथा अधिक दूध उत्पादन के उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान चारे की कमी से निपटने के लिए साइलेज एवं हे बनाने की विधि का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा वैकल्पिक पशु आहार के रूप में अजोला उत्पादन तथा पैरा के यूरिया उपचार की तकनीक का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए कृमिनाशक एवं जूं-किलनीनाशक दवाओं के नियमित उपयोग तथा संक्रामक रोगों से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण कराने की आवश्यकता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

ग्राम जोरातराई में दुग्ध विपणन को बढ़ावा देने के लिए देवभोग दुग्ध सहकारी समिति के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 100 लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है। इससे महिला पशुपालकों में डेयरी व्यवसाय के प्रति उत्साह बढ़ा है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू, विषय विशेषज्ञ एवं प्रभारी प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद गोविना देवांगन, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. आरजी यादव तथा डॉ. उपासना साहू सहित अन्य अधिकारी एवं पशुपालक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## चार बाघों का शिकार, महाराष्ट्र पुलिस इंटेलिजेंस के जवान के साथ हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर में लाल आतंक की समाप्ति के बाद तस्कर सक्रिय हो गए हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पांच माह पूर्व तथा करीब एक सप्ताह पूर्व शिकार किए गए दो बाघों की खाल जब्त की गई है। खाल की लंबाई के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि पांच माह पूर्व शिकार किए गए बाघ की उम्र ढाई तथा हाल के दिनों में शिकार किए गए बाघ की उम्र सवा साल रही होगी।

खाल के साथ जिन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से एक तस्कर महाराष्ट्र पुलिस के इंटेलिजेंस विभाग का जवान तथा दूसरा हेंड कांस्टेबल बताए जा रहा है। दोनों की पोस्टिंग गढ़चिरौली में होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है, शिकारियों ने बस्तर के इंद्रावती टाइगर रिजर्व तथा उससे सटे इलाके में चार बाघों का शिकार किया था। इस बात की विभागीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पुष्टि की है।

अफसर के अनुसार वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, यूएसटीआर एंटी पोचिंग तथा उत्तरी एवं मध्य क्षेत्र, राज्य उड़नदस्ता की टीम महाराष्ट्र में छापे की कार्रवाई करने पहुंची, तो उसे महाराष्ट्र वन विभाग की टीम की ओर से कोई अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिल पाया। इस वजह से दो आरोपियों की ही गिरफ्तारी संभव हो पाई। अफसरों के अनुसार शिकार तथा तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में और जानकारी जुटाकर उनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# मानसून का जोरदार आगाज, पहली बारिश में नालियां ओवरफ्लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



बारिश इतनी देरी से ही सही, लेकिन मानसून ने आमद दे दी है। इसी के साथ मानसून ने रफ्तार पकड़ते हुए क्षेत्र के अन्य हिस्से कवर कर लिया है। मानसून की सक्रियता बढ़ने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बारिश का पानी खेतों में भरने से धान की रोपाई भी शुरू हो जाएगी। मानसून की झमाझम बारिश से किसान काफी खुश हैं। वे लंबे समय से मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे। कहीं-कहीं वैसे जगह जहां धान के बीचड़े तैयार हैं, वहां रोपाई का कार्य भी शुरू हो गया है।

कृषि विभाग की मानें तो मानसून की झमाझम बारिश से निराश किसानों में खुशी की लहर दौड़ी है। किसान सुबह से ही ट्रैक्टर लेकर खेतों में निकल जाते हैं। जिन किसानों ने धान का बीज डाला था, उसके बीचड़े की रोपाई शुरू हो गई है। मानसून की बरसात विलंब से होने के कारण किसानों को थोड़ी परेशानी हुई है। हालांकि, पूर्व में भी हल्की बारिश होती रही है। जिससे किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे। लेकिन आज सुबह से नगर समेत पूरे ग्रामीण इलाके में झमाझम बारिश होने से धान की रोपाई शुरू हो जाएगी। जिन इलाकों में थोड़ी कम बारिश हुई है या फिर बीचड़े तैयार नहीं हैं, वहां किसान अभी इंतजार में हैं।

### बारिश के चलते छतरी के सहारे देखे गए लोग

सुबह से बारिश एक तरफ जहां किसानों में खुशियों का ठिकाना नहीं रहा, वहीं दूसरी नगरीय क्षेत्र में लोगों के जीवन पर इसका विपरीत असर देखने को मिला। लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, बारिश छात्रों व विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को उनके दिनचर्या से नहीं रोक पायी। सड़कों पर छात्र व अपने कार्य पर जाने के लिए छतरी के सहारे देखे गये।

## हनी ट्रैप में फंसाकर 2.17 लाख की फिरौती, दो महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** अधेड़ व्यक्ति को हनी ट्रैप में फंसाकर 2.17 लाख रुपए फिरौती वसूली करने वाली दो महिलाओं को गुढ़ियारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाओं ने शराब में नशीली दवा मिलाकर पिलाई और इसके बाद उसका अश्लील वीडियो, फोटो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी थी। महिलाओं ने और ज्यादा रकम देने की मांग की, तब पीड़ित ने दोनों महिलाओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उरला निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने योगेश्वरी तथा अहिल्या को गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस को बताया है कि उसे एक महिला ने गुढ़ियारी में अपने निवास स्थान में मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद उसे शराब परोसी गई। शराब पीने के बाद वह बेहोश हो गया। बेहोश होने पर उसके कपड़े उतार कर एक अन्य महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर अलग-अलग किस्तों में फिरौती वसूली। लोक लाज की भय से अधेड़ ने यूपीआई सहित अन्य बैंकिंग ट्रांजेक्शन कर रुपए ट्रांसफर किया।



## डूमरतराई अनाज मंडी में कैट का व्यापारी संवाद अभियान



- व्यापारी कल्याण महासंघ ने सौंपा मांगपत्र

**रायपुर।** प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझने, बाजार की आवश्यकता को जानने और समस्या के समाधान के लिए कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने व्यापारी संवाद अभियान चलाया है। इसी कड़ी में कैट का व्यापारी संवाद अभियान प्रदेश की सबसे बड़ी अनाज मंडी डूमतराई में चलाया गया। इस मौके पर कैट की छत्तीसगढ़ इकाई और डूमतराई व्यापारी कल्याण महासंघ के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें राष्ट्रीय चेयरमैन अमर पारवानी ने डूमतराई व्यापारी कल्याण महासंघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों से बाजार की समस्याओं और विकास से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ के अध्यक्ष प्रेम पाहुजा ने व्यापारियों की ओर से चर्चा के बाद कैट को मांग-पत्र सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से शहर से डूमरतराई बाजार तक आने और जाने नियमित सिटी बस सेवा प्रारंभ करने, बाजार आने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की मांग की गई।

**300 परिवार परेशान, रास्ता ब्लॉक करने से**

## शिवपार्क कालोनी से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के महादेव घाट के पार अमलेश्वर क्षेत्र अंतर्गत शहीद भगत सिंह वार्ड-18 स्थित शिवपार्क कालोनी में रहने वाले 300 परिवार इन दिनों जलभराव से परेशान हैं।

कालोनी के घरों से निकलने वाला सिवरेज तथा बारिश का पानी की निकासी के लिए छोटी-छोटी नाली बनी हुई है, जो मुख्य नाली में जुड़ती है। मुख्य नाली कबीर आश्रम से गुजरी हुई थी, जो सरकारी नाले में जाकर मिलती है। आश्रम ने अब मुख्य नाली में जुड़ने वाली सभी छोटी नालियों के रास्ते को बंद कर दिया है, जिसके कारण अब कालोनी में जलभराव की स्थिति बन रही है।

### कलेक्टर से शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं

इस कालोनी के रहवासियों ने बताया कि इस मामले को लेकर उनके द्वारा दुर्ग कलेक्टर से लिखित में 12 जून को शिकायत भी की गई है, लेकिन इसके बाद भी अब तक उनकी समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। घरों से निकने वाला गंदा पानी के साथ अब बारिश के पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। कालोनी के लोगों ने आरोप लगाया है कि कबीर आश्रम द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा भी किया गया है, वहीं मनमाने तरीके से कालोनी के सिवरेज पानी निकासी के रास्ते को बंद किया है।

**15 अगस्त तक मांग पूरी न होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन का दिया अल्टीमेटम**

# प्रदेशभर के 16 हजार कोटवार कल हड़ताल पर तहसील स्तर पर देंगे धरना, सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के 16 हजार कोटवारों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 3 जुलाई को लामबंद कोटवार तहसील स्तर पर एक दिवसीय धरना देकर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराने जुटेंगे। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रांत अध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ ने कहा, कई बार ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी उनकी मांगों को पूरा नहीं होने से प्रदेशभर के कोटवारों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी है, यदि 15 अगस्त तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो प्रदेशभर के 16 हजार कोटवार प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे।

कोटवारों को नियमित कर राजस्व विभाग में संविलयन करने, प्रतिमाह कम से कम 15 हजार रुपए वेतन भुगतान और कोटवारों की नियुक्ति में कोटवारों के परिवार के सदस्यों की नियुक्ति में प्राथमिकता देने सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश भर के कोटवार 3 जुलाई को दोपहर 3 बजे तहसील स्तर पर एक दिवसीय धरना देकर संबंधित तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रांतीय संघर्ष समिति के आव्हान पर प्रदेश भर के कोटवार एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपने लंबित मांगों को लेकर हक की आवाज बुलंद करेंगे।

कोटवारों की मांग के संबंध में प्रांताध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ ने बताया कि दुर्भाग्य की बात है कि एक अरसे से पीढ़ी दर पीढ़ी शासन प्रशासन एवं आम जनता की सेवा कर रहे कोटवारों का न तो नियमितीकरण हुआ, न ही उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा मिल पाया। बच्चों की पढ़ाई, लिखाई के लिए और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोटवारों के लिए कोई योजना नहीं है। शासन के कोटवारों के प्रति उदासीन रवैये से नाराज प्रदेश के कोटवार एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे।

**नियमितीकरण, मानदेय बढ़ाने सहित 6 सूत्रीय मांग, सभी तहसीलों में तहसीलदार को देंगे ज्ञापन**



**प्रमुख मांगें**

- राज्य के सभी अतिथि शिक्षक का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलयन किए जाएं
- ग्रीष्म अवकाश अवधि का नियमित मानदेय प्रदान करने की मांग
- समान कार्य समान वेतन के सिद्धांत के तहत व्याख्याता पद के समकक्ष वेतनमान दिया जावे
- राज्य स्तरीय अतिथि शिक्षकों को सरकारी कर्मचारियों के समान अवकाश की पात्रता हो।

### समान काम समान वेतन की मांग को लेकर राज्य अतिथि शिक्षकों का प्रदर्शन

शिक्षा विभाग में संविलयन और समान काम, समान वेतन सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को प्रांतीय अतिथि शिक्षक संघ ने दुर्ग में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। 5 जुलाई को राज्य अतिथि शिक्षक अपने लंबित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करेंगे। इसी तरह 12 तारीख को रायपुर जल सत्याग्रह कर राज्य अतिथि शिक्षक विरोध जताएंगे। 14 जुलाई को अर्ध नग्न प्रदर्शन कर अपनी मांगों से अवगत कराने का कार्यक्रम रखा गया है। प्रांतीय अतिथि शिक्षक कल्याण संघ के धर्मेंद्र वैष्णव ने बताया कि प्रदेश भर में 1650 राज्य अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं जो कि कक्षा अध्यापन, आईसीटी प्रशिक्षण, चुनाव कार्य, एनएसस प्रभारी, छात्रवृति कार्य, बोर्ड परीक्षाओं का पर्यवेक्षण और मूल्यांकन कार्य में नियमित शिक्षकों के समान अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बाद भी इन शिक्षकों को नियमितीकरण, समान काम समान वेतन, अवकाश, सेवा सुरक्षा जैसी सुविधाएं प्रदान नहीं की गई है। इससे राज्य अतिथि शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है।

# कंपोजिट शराब दुकान में चोरी, राजस्थान से चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोना स्थित कंपोजिट शराब दुकान में पिछले महीने सात लाख रुपए चोरी करने वाले राजस्थान के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चोरी की रकम दो लाख रुपए बरामद की है। एक अन्य की पुलिस पतासाजी कर जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है। चोरी की घटना पिछले महीने 13-14 जून की दरमियानी रात हुई थी। चोरी करने वालों को पकड़ने आमानाका थाना तथा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम गई थी।

शराब दुकान में चोरी के आरोप में पुलिस ने राजस्थान, बांसवाड़ा निवासी पवन कुमार पाटीकर, प्रकाश मईडा, सुनील चरपोटा तथा राम सिंग को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनके खिलाफ राजस्थान में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, नारकोटिक एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। सभी आदतन बदमाश हैं। चोरी करने घुसे लोग पुलिस पकड़ से बचने शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर साथ ले गए थे। चोरी में इस्तेमाल कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है।



- पुलिस ने पीछा करते हुए आगरा टोल प्लाजा में आरोपियों की गाड़ी का नंबर प्लेट किया ट्रेस
- दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया के रास्ते भागे थे आरोपी, एक आरोपी पहले ही रेकी कर जा चुका था

### आगरा में हुई चोरों की पहचान



कार में लगी नंबर प्लेट के फर्जी होने की जानकारी पुलिस को पहले ही मिल गई थी। बावजूद इसके पुलिस फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर कार का पीछा करते हुए आगरा पहुंची। आगरा के एक टोल प्लाजा में कार का नंबर प्लेट होना पाया गया। चोरों ने आगे का सफर तय करने कार में ओरिजनल नंबर प्लेट लगा ली थी। इसके बाद कार मालिक के बारे में जानकारी जुटाकर पुलिस चोरों तक पहुंची।

### चोरी करने पहले रेकी की थी

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि चोरी करने के पहले उनका एक साथी शराब दुकान की रेकी करने आया था। रेकी करने के बाद चोरी करने के बाद भागने के मार्ग की जानकारी जुटाकर शराब दुकान में चोरी करने पहुंचे। घटना के बाद पुलिस को बदमाशों के कई और राज्यों में मूवमेंट की जानकारी मिली है। रायपुर के अलावा किसी अन्य राज्य में आरोपियों ने चोरी की घटना तो नहीं की है, इस संबंध में पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

### संदिग्ध कार का फूटेज मिलने पर हुई शंका

घटना स्थल के आसपास की पुलिस सीसीटीवी फूटेज देख रही थी। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध कार का फूटेज मिला। कार के संदिग्ध होने का कारण कार में राजस्थान की नंबर प्लेट लगी होना था। पुलिस को शराब दुकान के पास एक गैरेज के पास से कार का संदिग्ध नंबर मिला। इसके बाद कार जिन रास्तों से होकर गुजरी, उन रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार का पीछा करते राजस्थान पहुंची।

# शादी का झांसा देकर रेप 20 लाख की ठगी, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र में छह माह पूर्व शादी करने का झांसा देकर रेप तथा बेची गई जमीन का 20 लाख रुपए हड़पने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की एट्रोसिटी कोर्ट में हुई। जिस महिला की शिकायत पर आरोपी को कैद की सजा सुनाई गई है, वह पूर्व से शादीशुदा थी, अपने पति से पिछले तीन साल से अलग रह रही थी।

विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर वर्मा के अनुसार कोर्ट ने धनेश्वर प्रसाद नामदेव उर्फ गुड्डू को आजीवन कारावास और छह हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को शासन की पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत उचित मुआवजा दिए जाने की भी सिफारिश की है।

### जमीन बिक्री की रकम हड़पी

पीड़िता के पिता ने जमीन बेचने के बाद 20 लाख रुपए उसे सुरक्षित रखने के लिए दिए थे। आरोपी ने इसी रकम को मकान खरीदने और भविष्य में साथ रहने का भरोसा देकर अपने कब्जे में ले लिया। रुपए मिलने के बाद आरोपी का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। उसने पीड़िता से बातचीत बंद कर दी। जब युवती ने शादी का वादा पूरा करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने जाति का हवाला देते हुए विवाह करने से इनकार कर दिया और रकम देने से भी इनकार कर दिया।

# वीबी-जीरामजी में 300 रुपए दैनिक मजदूरी तय कर केंद्र सरकार ने ग्रामीण श्रमिकों के साथ किया अन्याय : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2026 से लागू वीबी–जीरामजी कानून के तहत ग्रामीण श्रमिकों के लिए अधिसूचित दैनिक मजदूरी दर वर्तमान महंगाई और जीवन-यापन की लागत के अनुरूप नहीं है। अधिकांश राज्यों में मजदूरी 300 रुपए प्रतिदिन निर्धारित करना लाखों ग्रामीण श्रमिकों की वास्तविक जरूरतों की अनदेखी है। आज की परिस्थितियों में यह राशि एक परिवार के सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं कही जा सकती। चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने श्रमिक न्याय के तहत मनरेगा सहित सभी श्रमिकों के लिए रुपए 400 प्रतिदिन राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देने की घोषणा की थी। इसके विपरीत केंद्र सरकार ने 300 रुपए प्रतिदिन की मजदूरी तय कर यह स्पष्ट कर दिया है कि श्रमिकों की आय बढ़ाना उसकी प्राथमिकताओं में नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गठित डॉ. अनूप सतपथी समिति ने वर्ष 2019 में ही 375 रुपए प्रतिदिन राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की सिफारिश की थी। इसके बाद महंगाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसी स्थिति में विशेषज्ञों की सिफारिशों और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए मजदूरी दर में कहीं अधिक वृद्धि अपेक्षित थी। दुर्भाग्य से सरकार ने अपनी ही विशेषज्ञ समिति की महत्वपूर्ण सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया।



चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने भी समय-समय पर ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने तथा उसे राज्यों की न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने ऐसी मजदूरी दर तय की है, जो ग्रामीण आय और उपभोग क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य को पूरा नहीं करती। जब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की क्रय-शक्ति नहीं बढ़ेगी, तो बाजार में मांग भी प्रभावित होगी और इसका प्रतिकूल असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। वीबी–जीरामजी कानून के तहत रोजगार की अवधि 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करना स्वागतयोग्य कदम हो सकता है, लेकिन इसके साथ 40 प्रतिशत वित्तीय भार राज्यों पर डालना संघीय व्यवस्था की भावना के अनुरूप नहीं है। इससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में कठिनाइयां आ सकती हैं।

चंद्राकर ने मांग की कि केंद्र सरकार डॉ. अनूप सतपथी समिति की सिफारिशों तथा वर्तमान महंगाई को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी का पुनर्निर्धारण करे। कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि आज की परिस्थितियों में राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी कम से कम 500 रुपए प्रतिदिन होनी चाहिए। साथ ही वीबी–जीरामजी के तहत मजदूरी को राज्यों की न्यूनतम मजदूरी से जोड़ा जाए, ताकि किसी भी श्रमिक को न्यूनतम निर्धारित मजदूरी से कम भुगतान न हो। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ग्रामीण श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित मजदूरी दर की पुनः समीक्षा करें तथा ऐसा निर्णय ले जो श्रमिकों की गरिमा, आजीविका और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वास्तविक मजबूती प्रदान करे।

## खबर संक्षेप

### गरीबों का घर उजाड़कर विधायक आवास बनाना शर्मनाकः राकेश

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने रायपुर के नकटी गांव में विधायक आवास निर्माण के लिए वहां निवासरत परिवारों को विस्थापित करने की कार्रवाई को तत्काल रोकने एवं किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर विधायक कॉलोनी विकसित किए जाने की मांग की है। राकेश ने कहा कि नकटी गांव में विधायक आवास कॉलोनी निर्माण के नाम पर लगभग 85 गरीब परिवारों के मकानों को बरसात के ठीक पूर्व जेसीबी से ध्वस्त किए जाने की घटना अत्यंत पीड़ादायक, अमानवीय एवं शर्मनाक है। झाबक ने कहा जिन परिवारों ने वर्षों की मेहनत से अपना छोटा-सा घर बनाया था, आज वे बेघर होकर जीवनयापन करने को विवश हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने गरीबों का घर उजाड़कर जनप्रतिनिधियों के लिए आवास बनाने को अन्यायपूर्ण और मानवीय संवेदनाओं के विपरीत बताया है। भाजपा के कोई भी नेता, सांसद, विधायक सभी के पास नकटीवासी चले गए हैं, लेकिन कोई इनका साथ नहीं दे रहा है, यहां तक को बात करने की भी तैयार नहीं है। राकेश ने इस पर कार्रवाई तत्काल रोक लगाये जाने, प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं उचित मुआवजे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने तथा विधायक आवास कॉलोनी के लिए नया रायपुर अथवा किसी अन्य उपयुक्त सरकारी भूमि का चयन किये जाने की मांग की है।

### बच्चे के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बेमचा में बच्चे के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है।
पुलिस को प्रार्थिया रिंकी रात्रे ने बताया कि वह वार्ड नं 03 गुडी चौक ग्राम बेमचा में रहती है। रोजी मजदूरी का काम करने वाली रात्रे ने बताया कि 30 जून को वह अपने काम पर बिरकोनी गई थी, दोपहर करीबन 02 बजे देवरानी सेवती रात्रे ने फोन करके बताया कि तुम्हारे बेटे समीर रात्रे के साथ नूतन साहू ने लाठी डंडे से मारपीट किया है, जिससे उसके सिर में खून निकल रहा है और वह उसे इलाज कराने के लिये जिला अस्पताल लेकर जा रही हूं। घटना के बारे में पूछने पर समीर ने बताया कि वह सुबह करीब 11.30 बजे स्कूल से पढकर घर आ रहा था, तो देखा कि तुषार साहू अपने घर के सामने में तालाब में मछली पकड़ रहा था, जिसे उसने कहा कि तालाब में मछली फंसा रहे हो, मैं तालाब के मालिक को बताउंगा। जिसे सुनकर उसकी मां नूतनबाई साहू ने आकर मुझे तू कौन होता है बताने वाला, मना करने वाला कहते हुए गाली देते हुए लकड़ी के डंडे से जान से मारने की धमकी देकर सिर में मारा, मारपीट देखकर चाची सेवती रात्रे ने आकर बीच बचाव किया।

## खेती किसानी : बतर और लइहरा पद्धति से कर रहे धान बोनी

# मानसून की बेरुखी से अन्नदाता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मानसून की दगाबाजी ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जुलाई की शुरुआत आषाढ़ लगे दो दिन हो गए, इसके बाद भी क्षेत्र में मानसूनी बारिश शुरू नहीं हो सका है। इस मौसमी बेरुखी के कारण खेतों में की जाने वाली धान की मनपसंद बोनी का कार्य पूरी तरह प्रभावित है। मानसून की बेरुखी से क्षेत्र के साहसी किसानों ने हिम्मत नहीं हारी है। क्षेत्र की भारी और उपजाऊ मानी जाने वाली कन्हार मिट्टी में नमी की भारी कमी के बावजूद, किसानों ने अपनी किस्मत दांव पर लगाकर बोआई का कार्य शुरू कर दिया है। पर्याप्त मानसूनी वर्षा के अभाव में, किसान अब धान बोने के लिए अपनी सदियों पुरानी पारंपरिक व वैकल्पिक भरबरा पद्धतियों का सहारा ले रहे हैं।

### खुरचापन और बतर पद्धति

खेतों में हल्की नमी या पूरी तरह सूखा होने की स्थिति में इस पद्धति के तहत खेतों की सूखी जुताई कर बीज डाल छिड़काव कर रहे हैं, ताकि पहली तेज बारिश होते ही बीज अंकुरित हो सकें। लइहारा पद्धति पानी के अभाव में कम समय और सीमित संसाधनों में धान बोने की एक विशेष तकनीक अपनाते है। बता दें कि आसमान पर बादल मंडरा तो रहे है, लेकिन बरस नहीं रहे है। क्षेत्र में दस किलो मीटर के अंतराल में कही पर सूखा तो कही बौछार देखा जा रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि कृषि चक्र का बहुमूल्य समय निकला जा रहा है, जिससे विवश होकर वे सूखी या बेहद कम नमी वाली जमीन पर ही हल चलाने को मजबूर हैं। जमीनी रिपोर्ट दर्शाती है कि किसान अपने बैलों की जोड़ी के साथ सुबह से ही खेतों को तैयार करने में जुटे हैं। आगामी दिनों में अच्छी बारिश की आस है।

## मवेशियों के खिलाफ नगर पालिका का विशेष अभियान, कर्मचारियों का दल करेगा पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहरी क्षेत्र में सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों की बढ़ती समस्या और उनसे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा विशेष अभियान चलाए जाने की तैयारी है। अभियान के लिए कर्मचारियों का विशेष दल गठित कर प्रतिदिन नगर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा आवासीय इलाकों में नियमित पेट्रोलिंग करते हुए इन मवेशियों को हटाने का कार्य करेगा।।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि गठित दल सड़क पर खुले घूमते मवेशियों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ने की कार्रवाई करेगा। पकड़े गए मवेशियों को गौ धाम भेजा जाएगा। इसके साथ ही संबंधित पशुपालकों की पहचान कर उनके विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के तहत जुर्माना सहित नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि नगर में कई स्थानों पर पशुपालकों द्वारा मवेशियों को खुले में छोड़ दिया जाता है, जिससे मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित होता है और राहगीरों तथा वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार मवेशियों के कारण गंभीर हादसे भी सामने आए हैं। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका अब नियमित रूप से सुबह और शाम पेट्रोलिंग करेगी तथा लापरवाही बरतने वाले पशुपालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। नगर पालिका ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को घर अथवा गौशाला में सुरक्षित रखें और उन्हें सार्वजनिक सड़कों, बाजारों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें।

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के साथ किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी। नगर पालिका का मानना है कि इस विशेष अभियान से नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

## सलिहाभांठा स्कूल का स्थापना दिवस मनाया गया, बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**महासमुंद**। प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में शाला स्थापना दिवस मनाया गया। शाला के 64वीं वर्षगांठ पर गांव के लोगों की



उपस्थिति में पुरानी यादों को सभी के साथ आनंददायी अनुभूति में साझा किए। इस अवसर पर उपस्थित पालकों ने इस विद्यालय में पढ़ाई-लिखाई और विभिन्न आयोजनों, शिक्षकों-विद्यार्थियों की खट्टी-मीठी बातें तथा अपना अनुभव सुनाया। सभी उपस्थित पालकों ने भविष्य की बेहतर वातावरण निर्माण के लिए आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए। बच्चों के शैक्षणिक योजना पर भी विस्तार से चर्चा किया गया, जिसमें स्कूल और घर का तालमेल बनाते हुए बच्चों के अच्छे व्यवहार के लिए समन्वय पर सुझाव लिए गए। किसी भी छोटे बच्चे को दुकान से किसी भी प्रकार के नशीले वस्तुओं को खरीदकर लाने को सख्ती से मना करने व गांव के अन्य पालकों तक समझ बनाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर शाला परिवार और पंचराम ध्रुव, पिरीत राम साहू, तिलक साहू की ओर से न्योता भोज कराया गया। शाला स्थापना दिवस पर हमारे सहयोगी कॉलम में उपस्थित सभी लोगों का हाथों की छाप रबर पेंट से दीवार पर नाम सहित यादगार प्रतीक के रूप में लगाया गया। इस अवसर पर पंचराम ध्रुव, भोजराम साहू, कार्तिक राम सिन्हा, गुलाब ध्रुव, बीना यादव, पूर्णिमा यादव, धनेश्वरी साहू, धनेश्वरी ध्रुव, देवकी सिन्हा, प्रमिला ध्रुव, लक्ष्मी दीवान, नीरा दीवान, दसमत, चंद्रकुमारी ध्रुव, भूमिका साहू, केशर साहू, पूर्णिमा पैंकरा, जिज्ञासा साहू, कलावती ध्रुव, अमरीका ध्रुव, किरण ध्रुव, दसमत, बरतनिन दीवान, लक्ष्मी साहू, पूर्णिमा दीवान, दिव्याभारती, सोहदरी, पिलेश्वर सिन्हा, लुकेश दीवान, डगेश्वर साहू, रामू ध्रुव, तिलक साहू, अभिषेक दीवान, हुलश सिन्हा सहित काफी संख्या में माता पालक उपस्थित थे।



### सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर अछोला में हुआ आयोजन

**महासमुंद**। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित अछोला द्वारा 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सहकारी सप्ताह के अंतर्गत किसानों एवं समिति के सदस्यों को सहकारिता की योजनाओं, कृषि ऋण, खाद-बीज वितरण, सरकारी योजनाओं तथा सहकारी संस्थाओं की भूमिका के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आयोजन का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाना तथा किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है। समिति द्वारा आयोजित इस सप्ताहभर के कार्यक्रम में जनजागरूकता अभियान, किसानों से संवाद और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सहकारिता की भावना को बढ़ावा दिया जाएगा। आयोजन में समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक मंडल, प्रबंधक एवं कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## राशन कार्ड सदस्यों की लंबित ई-केवाईसी 15 तक पूर्ण करने के निर्देश

**महासमुंद**। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित राशन कार्डों में पंजीकृत सदस्यों की ई-केवाईसी प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी तेजपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि विभागीय पोर्टल में उपलब्ध जानकारी के अनुसार 25 जून 2026 की स्थिति में महासमुंद जिले में 72,953 राशन कार्ड सदस्यों की ई-केवाईसी (आधार प्रमाणीकरण) की प्रक्रिया लंबित है। जिले में विशेष अभियान चलाकर सभी लंबित हितग्राहियों की ई-केवाईसी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक अपने प्रभार क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों को ई-केवाईसी के लिए लंबित सदस्यों की दुकानवार सूची उपलब्ध कराएंगे। उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा संबंधित हितग्राहियों का ई-पॉस मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा फे खाद्य निरीक्षकों को प्रत्येक उचित मूल्य दुकान की नियमित समीक्षा करने, दुकान संचालकों एवं हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करने तथा ई-केवाईसी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी पात्र राशन कार्डधारियों के परिवार के प्रत्येक सदस्य की ई-केवाईसी समय पर पूर्ण हो सके। संचालनालय द्वारा निर्देशित किया गया है कि लंबित सभी सदस्यों की ई-केवाईसी 15 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराई जाए। साथ ही ई-केवाईसी पूर्णता का प्रमाण-पत्र तथा यदि कोई सदस्य शेष रह जाता है तो उसका कारण सहित सदस्यवार विवरण 20 जुलाई 2026 तक संचालनालय को भेजना अनिवार्य होगा।

### दस लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने केंदूढार गंधेलडीपा रोड किनारे स्थित पानी टंकी के पास एक व्यक्ति के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद किया है। मामले में आरोपी कामता प्रसाद पिता ननकी प्रसाद (37 वर्ष) गंधेलडीपा नूनपानी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### माना में चिकित्सकों का किया सम्मान

**रायपुर**। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्वामी जन सेवा समिति एवं नगर पंचायत माना कैंप के ओर से माना सिविल हॉस्पिटल परिसर पर चिकित्सकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।






## खबर संक्षेप



### खरोरा में सैन्य प्रशिक्षण 5 से

**महासमुंद**। शहीद स्मारक खरोरा में 5 जुलाई 26 से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण चलाया जाएगा। शहीद स्मारक के पीछे तालाब पर ग्रामवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।



### कर्राभौना में बंद हैंडपंप की हुई मरम्मत ग्रामीणों को मिली राहत

**महासमुंद**। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण करते हुए पीएचई विभाग द्वारा ग्राम कर्राभौना में बंद पड़े पंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया है। विकासखंड बसना के ग्राम कर्राभौना निवासी विजय कुमार चौहान ने आवेदक क्रमांक 26144573900101 के माध्यम से ग्राम पंचायत कुम्हारी के आश्रित ग्राम कर्राभौना के वार्ड क्रमांक 06 में बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।



### कोसरंगी सोसाइटी में मनाया सहकारिता सप्ताह

**महासमुंद**। भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह दिवस 29 जून 2026 को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोसरंगी में मनाया गया। जिसमें ध्वजारोहण ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में केआर यादव समिति प्रबंधक, डीके चंद्राकर लेखपाल, तुकाराम दीवान विक्रेता, राकेश साहू ऑपरेटर, तुलसीराम ध्रुव, विद्या धनेश्वर यादव, कृषकगण देवाराम साहू, मन्नू लाल साहू, अश्वनी साहू, वासुदेव दीवान, रामकुमार अग्रवाल, उदय राम साहू, नरेश दीवान, ईश्वर दीवान आदि मौजूद रहे।

# मखाना की खेती किसानों के लिए रोजगार और आय के नया जरियाः चंद्रहास

## जिले के किसानों ने सीखी सुपर फूड मखाना की वैज्ञानिक खेती, आरंग के लिंगाडीह में भ्रमण एवं प्रशिक्षण, 80 प्रगतिशील किसानों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ में अब सुपर फूड मखाना किसानों के लिए आय का नया और लाभकारी विकल्प बनकर उभर रहा है। इसी उद्देश्य से उद्यानिकी विभाग महासमुंद द्वारा विकासखंड आरंग के ग्राम लिंगाडीह में 1 जुलाई 2026 को मखाना खेती पर भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महासमुंद एवं पिथौरा विकासखंड के 80 प्रगतिशील किसानों ने भाग लेकर मखाना की वैज्ञानिक खेती, बीज उत्पादन एवं प्रसंस्करण की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में मखाना की व्यवसायिक खेती की शुरुआत विकासखंड आरंग के ग्राम लिंगाडीह के प्रगतिशील किसान स्वर्गीय कृष्ण कुमार चंद्राकर ने की थी। उन्होंने बताया कि राज्य का पहला मखाना प्रसंस्करण केंद्र 5 दिसंबर 2021 को लिंगाडीह में स्थापित किया गया, जिससे किसानों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर सृजित हुए हैं। कार्यक्रम में आरंग जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रविंद्र चंद्राकर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.गजेंद्र चंद्राकर तथा कृषि विशेषज्ञ रविकांत साहू भी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मखाना बीज उत्पादन केंद्र का भ्रमण किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने बताया कि मखाना छह माह की अवधि वाली जलीय फसल है, जिसमें प्रति एकड़ लगभग 20 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है तथा औसतन 8 से 10 क्विंटल उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस फसल में कीट एवं रोगों का प्रकोप बेहद कम होता है और चोरी की संभावना भी नगण्य रहती है।

उन्होंने प्रसंस्करण की जानकारी देते हुए बताया कि एक किलोग्राम मखाना बीज से लगभग 200 से 250 ग्राम पॉप तैयार होता है, जिसकी बाजार में कीमत 700 से 1000 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिलती है। यदि किसान स्वयं प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग कर विपणन करें तो प्रति एकड़ अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने मखाना खेती को भविष्य की लाभकारी फसल बताते हुए इसे अपनाने में उत्साह दिखाया। उद्यानिकी विभाग महासमुंद की सहायक संचालक पायल साव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित उद्यानिकी अधिकारियों एवं किसानों ने मखाना की खेती को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रविकांत साहू ने जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. अकानंद ढीमर, डॉ. योगेंद्र चंदेल, प्रबंधक संजय नामदेव तथा शिव साहू सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

## योजना : राष्ट्रीय कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

# गांवों में रोजगार और आजीविका को मिलेगी नई गति, वीबी-जी राम-जी योजना लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार

- कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर-सीईओ हुए

एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी, अधिनियम, 2025 1 जुलाई, 2026 से पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हो गई है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और गांवों के सतत विकास को नई मजबूती देगा। इसके तहत पात्र ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की वैधानिक गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत मजदूरों को 300 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। पूरे देश में आज इस योजना की शुरुआत की गई। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में राष्ट्रीय कार्यक्रम के माध्यम से योजना लांच की गई। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी राज्यों में किया गया। छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कबीरधाम जिला के गंडई खुर्द में हुआ। वहीं सभी जिलों में इसका प्रसारण हुआ। महासमुंद में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को वीबी जी राम जी योजना से और अधिक लाभ मिलेगा। पहले 100 दिन का काम दिया जाता था, किंतु अब 125 दिन काम मिलेगा। जिससे ग्रामीणों को नया हौसला भी मिलेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन का एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इससे ग्रामीणों को उनके गांव में ही 125 दिन का काम मिलेगा। हमारा जिला महासमुंद एक आकांक्षी जिला है। जैसे जल संचय की दिशा में पिथौरा ब्लाक ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हासिल किया। उसी तरह वीबी जी राम जी योजना का हमें बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना है और देश में अपने जिला को पुरस्कार दिलाना है।




### योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने दिशा में वीबी जी राम जी योजना मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत वे काम होंगे जिनकी उस गांव में आवश्यकता होगी। इसके तहत 318 प्रकार के काम कराए जा सकते है। जिसमें जल सुरक्षा, ग्रामीण आजीविका जैसे कई अहम काम शामिल है। उन्होंने सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक योजना का प्रचार प्रसार करने की अपील भी की। जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि योजना से ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी। साथ ही गांव के विकास और आजीविका को प्रोत्साहन मिलेगा। 125 दिन के काम के दौरान खेती किसानी के कार्य यानी बुआई-कटाई के दौरान कार्य नही कराया जाएगा। ताकि कृषि कार्य के लिए आसानी से मजदूर मिल सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, जनपद सीईओ, जनप्रतिनिधि, क्रियान्वयन एजेंसी, वीबी जी राम जी योजना के श्रमिक, महिला स्व सहायता समूह सदस्य, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव समेत आम नागरिक मौजूद थे।

# कोल्दा में मनाया गया सतगुरु कबीर साहेब का प्रकटोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सदगुरु कबीर आश्रम कोल्दा (सेवाती) में सद्गुरु कबीर साहेब का 628 वां प्रकट उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से महंत मुकेश बैरागी (तेंदुकोना) द्वारा सात्विक यज्ञ चौका आरती हुआ।

महंत साहेब द्वारा सदगुरु कबीर आश्रम में श्वेत निशान फहराया गया। तत्पश्चात पधारे हुए संत महंतो द्वारा चौका आरती, सत्संग, प्रवचन का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा। भक्तों द्वारा सतगुरु कबीर साहेब द्वारा बताएं गए मार्ग का अनुसरण करने संकल्प लिया गया। संत भजन मंडली में रिंकू साहेब तेंदूकोना, पुराणिक साहेब शिकारीपाली, दुलार साहेब कौहाकुड़ा, रूपेश साहेब कौहकुडा द्वारा सुंदर भजनों के माध्यम से सदगुरु कबीर साहेब का संदेश जन जन तक पहुंचाया गया, जिससे पूरे ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना रहा। चौका आरती के पश्चात भोजन प्रसादी भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में



भक्तों ने भोग प्रसादी ग्रहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कोल्दा सहित आसपास के ग्राम के कबीरपंथी जन उपस्थित हुए श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से अपनी आस्था प्रकट की एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाई। प्रमुख रूप से कबीर आश्रम के संचालक डॉ नीलकंठ साहू, झम्मन साहू, हेमचंद चिंताराम, खोमन, मानिक, राजेश, नरेश, लोकनाथ, मोती साहू आदि उपस्थित रहे।

# सशिमं चांदन के छात्रों ने विभिन्न परीक्षाओं में लहराया परचम

**पिथौरा (ग्रामीण)**। वनांचल क्षेत्र में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चांदन के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।



विद्यालय से कक्षा पांचवीं के छात्र डोपेश डड़सेना पिता–मोहनलाल डड़सेना का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए टेकलाल सेठ पिता शंकर सेठ एवं गौरव कुमार ठाकुर पिता तिलकराम ठाकुर का चयन हुआ है। इसके अलावा सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी परीक्षा में विद्यालय के



विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। कक्षा पांचवीं से डोपेश डड़सेना तथा कक्षा नौवीं से अनीता सोनवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रीतमलाल नायक, सचिव रामेश्वर पालेश्वर, प्राचार्य दिलचंद पटेल तथा समस्त आचार्य-दीदियों ने हर्ष जताया है।

# राजमिस्त्री विकास समिति का हुआ वार्षिक सम्मान समारोह

**बोईरगांव (कोमाखान)**। राजमिस्त्री विकास समिति कोमाखान के तत्वावधान में महादेवा धाम कसेकेरा में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। पिछले 14 वर्षों से संचालित यह समिति राजमिस्त्री बंधुओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। समिति के सदस्यों के वे बच्चे जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के वरिष्ठ सदस्य, अनुभवी ठेकेदार एवं राजमिस्त्रियों का भी शॉल-फल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम



सिंह ठाकुर, प्रदेश संयोजक भाजपा किसान मोर्चा दुबे लाल साहू, विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत कसेकेरा, बाला ठाकुर उपसरपंच कसेकेरा, पंकज जैन जिला मंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा, लाला राम साहू, केशव साहू, सतीश साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष भीमा साहू ने की। मंच संचालन समिति के सचिव युवराज ठाकुर ने किया। इस अवसर पर राजमिस्त्री विकास समिति के समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समिति के 14 वर्षों के कार्यों की सराहना की एवं भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# पहली से पांचवीं तक अध्यापन अवधि में परिवर्तन करने की मांग

**महासमुंद**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को किसान मजदूर संघ छग के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने शाकीय प्राथमिक



विद्यालयों का अध्यापन अवधि प्रातः 7:30 बजे अपराह्न 01 बजे तक करने का आदेश के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक का अध्यापन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक किये जाने का आदेश किया गया है। अध्यापन अवधि का समय दोपहर में होने के कारण विद्यार्थीयों को दोपहर में विश्राम करने का समय नहीं मिलता। अध्यापन अवधि समाप्त होते तक वे थक कर सुस्त हो जाते है और संध्या काल में जल्दी सो जाते हैं। पहली कक्षा का 05 वर्ष एवं पांचवी कक्षा के 10 वर्ष के विद्यार्थियों को दोपहर में अध्यापन कराए जाने से उनके शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए प्राथमिक कक्षाओं का अध्यापन प्रातः 7:30 से अपराह्न 01 बजे तक किया जाना जनहित में उचित होगा। उन्होंने शासकीय प्राथमिक विद्यालयों का अध्यापन अवधि प्रातः 7:30 बजे अपराह्न 01 बजे तक (दिन शनिवार को छोड़कर) करने का आदेश करने की मांग की है।

# नकटी गांव के लोगों का आंसू और गुस्सा व्यर्थ नहीं जाएगा, सरकार को जनता देगी जवाब : सती

महासमुंद। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सती साहू ने महासमुंद जिले के नकटी गांव में 85 परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चलाए जाने की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे अमानवीय, असंवेदनशील और गरीब विरोधी बताया है। सती ने कहा कि नकटी गांव की माताओं, बहनों, बुजुर्गों और मासूम बच्चों के आंसू तथा उनकी पीड़ा को सरकार और प्रशासन ने अनदेखा कर दिया है। गरीबों की बद्दुआ कभी खाली नहीं जाती और नकटी गांव के लोगों का आक्रोश भी व्यर्थ नहीं जाएगा। आने वाले समय में जनता



लोकतांत्रिक तरीके से सरकार को इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। कांग्रेस हर स्तर पर इन परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। अंत में सती साहू ने राज्य सरकार से मांग की कि बुलडोजर कार्रवाई से प्रभावित सभी 85 परिवारों को तत्काल उचित मुआवजा, स्थायी पुनर्वास, वैकल्पिक आवास तथा हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए।




## कृषि विभाग ने चौपाल लगाकर किसानों को रागी, मक्का अपनाने किया जागरूक

# धान के बदले दलहन-तिलहन के लिए किसानों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में खरीफ मौसम में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चारभांठा में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, रागी, मक्का सहित अन्य लाभकारी फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कृषक चौपाल में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल विविधीकरण के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि दलहन, तिलहन, रागी एवं मक्का जैसी फसलें कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देती हैं।



इन फसलों की खेती से भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ किसानों की आय में वृद्धि की भी बेहतर संभावनाएं रहती हैं। इस अवसर पर किसानों को शासन द्वारा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं एवं आदान सहायता संबंधी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि धान के बदले दलहन, तिलहन, रागी, कोदो, कुटकी, मक्का एवं कपास की खेती करने वाले किसानों को अब 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही वे किसान जो पूर्व से ही खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास की खेती कर रहे हैं, उन्हें एकीकृत किसान पोर्टल तथा एग्रीस्टैक पर पंजीयन एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में रकबे की पुष्टि उपरांत मान्य रकबे पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

किसानों से अपील की गई कि वे खरीफ सीजन में धान के साथ-साथ अन्य फसलों का भी उत्पादन कर खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाएं। कृषक चैपाल में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर विभिन्न फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, पोषक तत्व प्रबंधन एवं शासकीय योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की

